

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Punjab Kesari, Delhi**
**Thursday, 21st June 2018; Page: 10**
**Width: 26.97 cms; Height: 27.14 cms; a3; ID: 40.2018-06-21.93**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस






अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर देहरादून में योग पर पुस्तक का विमोचन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नायक। जबकि दाएं योगास्थल पर हुई बारिश का दृश्य। (छाया : प्रेट्र)

# योग के रंग में रंगेगा पूरा देश

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में 55 हजार लोगों के साथ करेंगे आसन**
- **योग को मैं से 'हम' की यात्रा बताया**

नई दिल्ली, (भाषा): चौथे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गुरुवार को देशभर में बड़ी संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में योग कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ बैठकर आसन करेंगे। आयुष मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देश में करीब पांच हजार कार्यक्रम आयोजित होंगे। '' योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो डालकर संदेश दिया कि योग केवल शरीर को फिट रखने वाला अभ्यास नहीं बल्कि अच्छे स्वास्थ्य का '' पासपोर्ट '' है। मोदी ने ट्वीट किया था, '' योग ' में ' से ' हम ' की यात्रा है। यह संतुलन, शांति का वादा करता है, ध्यान केन्द्रित करने में मदद करता है और बहुत ताकत देता है। चौथा योग दिवस आने वाला है, मैं दुनियाभर के लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का अनुरोध करता हूं। '' राज्य सरकार द्वारा गैरसरकारी संगठनों के समन्वय से विभिन्न जिलों और राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों के अलावा केन्द्रीय मंत्री योग कार्यक्रमों का नेतृत्व करने राष्ट्रीय राजधानी के अंदर और बाहर के विभिन्न स्थलों पर जाएंगे। नई दिल्ली में आठ कार्यक्रमों की योजना है और मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजपथ पर होगा। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद लोधी गार्डन, नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन और राजपथ पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके अलावा, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ जैसे केन्द्रीय शसस्त्र पुलिस बलों की महिला कर्मियों सहित करीब 50 हजार लोग ब्रहम कुमारी द्वारा लालकिले में आयोजित योग समारोह में भाग लेंगे। द्वारका के पतंजलि योग समिति और रोहिणी के ' आर्ट आफ लिविंग ' में भी योग कार्यक्रम होंगे। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि 150 से अधिक देशों में योग समारोह होगा और भारतीय मिशन महत्वपूर्ण स्थानों पर इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समन्वय कर रहे हैं। भारत में सबसे बड़ा आयोजन देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में होगा जहां प्रधानमंत्री और करीब 55 हजार लोग योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को होने से रोकने के लिए कमांडो और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।



## मौन योग का रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी

गुजरात में आठ हजार से अधिक विकलांग और चार हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं सहित करीब सवा करोड़ लोग भाग लेंगे। शिक्षा राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि अहमदाबाद जिला प्रशासन सबसे बड़ी संख्या में विकलांगों द्वारा एकसाथ ' मौन योग '' करने का विश्व रिकार्ड तोड़ने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि 750 से 1200 विकलांग ब्लूटूथ से जुड़े हेडफोन लगाकर ' मौन योग '' करेंगे।

## योग दिवस की तैयारियों में व्यस्त रहे अधिकारी

देहरादून, (भाषा) शहर के वन अनुसंधान संस्थान परिसर में योग दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के सिलसिले में आज अधिकारी काफी व्यस्त रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एफआरआई परिसर में कल योगासन करेंगे। इस कार्यक्रम में योग को लेकर उत्साह रखने वाले 50,000 लोग हिस्सा लेंगे।प्रधानमंत्री के कल सुबह पौने सात से पौने आठ बजे के बीच योग करने और लोगों को संबोधित करने की संभावना है।अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री की आज रात से शुरू हो रही यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक - चौबंद कर दी गयी है। मोदी राज भवन में राष्ट्रपति के ठहरने के लिए बनाये गए कमरे में ठहरेंगे। देहरादून के जिला मजिस्ट्रेट एस ए मुरुगेशन ने बताया कि एफआरआई के आसपास और प्रधानमंत्री के काफिले के रास्ते में बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गयी है।उन्होंने बताया कि एफआरआई परिसर को पर्यटकों के लिए दो दिन के लिए बंद रखा गया है।